## चूना गली मोहल्ले में विराजे बाहुबली

**छिंदवाड़ा।** चौरसिया मोहल्ला में चुना गली के बाहुबली विराजे गजानंद गणेश उत्सव समिति के 28 वर्ष से लगातर गणेश प्रतिमा स्थापित करते आ रहे हैं समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि अंग्रेजों के समय, सभी को एक जुट करने के लिए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने भाद्रपद की चतुर्थी तिथि को गणेश उत्सव की नीवं रखी।हमारी समिति का यह उद्देश्य रहा है कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को एक जुट कर सकें एवं प्रतिभाओं को उजागर कर सकें, यह गणेश उत्सव पावन पर्व शांति एवं सौर्द्ध का पर्व है । इस वर्ष श्री गजानन्द गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान श्री गणेश की चलित प्रतिमा एंव भगवान आदियोगी की विशाल 25 फीट की प्रतिमा व प्रोजेक्शन लाईट शो का सुन्दर चित्रण किया जा रहा है। जिसमें 3डी लाईट शो, फॉग फायर शो एवं चलित प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र है । शहर वासियों को श्री गजानन्द गणेश उत्सव समिति का आमंत्रण एवं करबद्ध निवेदन है कि इस 28वे वर्ष एक बार भगवान श्री गणेश जी की सुन्दर झाँकी का चित्रण देखने अवश्य पधारे एवं समिति के सदस्यों को अनुग्रहित करें।

## पिंडरई डबीर में आज होगा ईनामी दंगल दूर दूर से आयेंगे नामचीन पहलवान

**सिंगोड़ी**:- जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सिंगोड़ी से 5 किलोमीटर की दूरी पर पूर्व दिशा की और ग्राम पिंडरई डवीर में आज विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया गया है।दंगल के संबंध में सार्वजनिक दंगल आयोजन समिति पिंडरई डबीर के सदस्यों ने बताया कि छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम पिंडरई डवीर में दोपहर 12 बजे से ईनामी दंगल का आयोजन किया गया है जो कि बजरंग मंदिर मेन रोड पिंडरई में आयोजित किया गया है। दंगल में भोपाल ,बालाघाट,छिंदवाडा,जबलपुर ,सागर, वर्धा महाराष्ट्र , छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रांत जिले के अनेक दंगल पहलवान इस कुश्ती में शामिल होंगे। इस दंगल में मध्यप्रदेश के अनेक नामचीन पहलवान कुश्ती के दांव दिखाएंगे। दंगल के विजेताओ को 101 रुपए से 11 हजार रुपए तक का ईनाम दंगल पहलवान को समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। समिति ने आयोजित दंगल में क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## धम्मदीप बुद्ध विहार में हुई बौध्द महासभा की बैठक

**सौंसर।** धम्मदीप बुद्ध विहार में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा स्थापित भारतीय बौद्ध महासभा डॉ राजरत्न आंबेडकर की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई है।बैठक की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने की,बैठक का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण अभिवादन एवं त्रिशरण पंचशील के साथ किया गया।बैठक के दौरान पांढुर्णा जिले में भारतीय बौद्ध महासभा का विस्तार करने के साथ ही सौसर पांढुर्ना के विभिन्न ग्रामों में भारतीय बौद्ध महासभा की नई कार्यकारिणियों का गठन करने, के साथ ही हर वार्ड में महासभा के 10 कार्यकर्ताओं की नियुक्ति करने, महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को सहयोग करने, भारतीय बौद्ध महासभा की सदस्यता अभियान चलाने, आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा के चंद्रभान बागडे,मुरलीधर कामले गुरुजी,ने कहा कि भारतीय बौद्ध महासभा डॉ राजरत्न अंबेडकर साहब के नेतृत्व में निरंतर मध्य प्रदेश और देश में काम कर रही है हाल ही में नागपुर में डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर मल्टीनेशनल बैंक की स्थापना भी की गई है।

### कर्मचारियों को उपस्थिति देने के लिए दिखाना होगा चेहरा

# नगर निगम में अब आधार इनेबलड फेस रिकगनीशन प्रणाली से होगी उपस्थिति दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अब निगम कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति आधार इनेबलड फेस रिकगनीशन (AEBAS) के माध्यम से दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। इस प्रणाली में कर्मचारियों का चेहरा स्कैन होगा, इसके बाद उपस्थिति मान्य होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश




भोपाल आदेश अनुसार किसी भी कर्मचारी या अधिकारी की उपस्थिति तभी मान्य होगी जब वह AEBAS पोर्टल पर दर्ज हो। बिना बायोमेट्रिक उपस्थिति के किसी भी कर्मचारी को कार्यरत नहीं माना जाएगा। आदेश में विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति रिपोर्ट AEBAS पोर्टल से प्राप्त कर निगम कार्यालय को उपलब्ध कराएं। यदि किसी कारणवश बायोमेट्रिक मशीन पर उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती है, तो इसकी जानकारी तत्काल विभागाध्यक्ष को दी जाएगी और आवश्यक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना होगा। निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय ने कहा कि AEBAS प्रणाली से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था शासन के निर्देशों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाना और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि AEBAS प्रणाली का पालन न करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही सितंबर माह का वेतन भी इसी प्रणाली में दी जाने वाली उपस्थिति के आधार पर होगा। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और इसके अनुपालन की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

## राशि लेकर भवन निर्माण न करने वाले हितग्राहियों पर निगम की लगातार सख्ती

### 28 हितग्राहियों की पेशी, एक ने राशि लौटाई, 17 की संपत्तियों पर कुर्की की तैयारी



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) बीएलसी घटक के अंतर्गत राशि प्राप्त करने के बावजूद मकान निर्माण न करने वाले हितग्राहियों पर कार्रवाई का क्रम जारी है।पूर्व में 106 हितग्राहियों के विरुद्ध तहसीलदार के माध्यम से राजस्व रिकवरी प्रमाणपत्र (आरआरसी) जारी कर कड़ी कार्यवाही की गई थी। इसी सिलसिले में मंगलवार को तहसीलदार के समक्ष 28 हितग्राहियों की पेशी आयोजित की गई।इस दौरान 1 हितग्राही ने योजना की पूर्ण राशि वापस कर दी। 2 अन्य हितग्राहियों ने अपने खातों में पूरी राशि होना बताया और राशि वापसी हेतु निकाय को आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं 8 हितग्राही उपस्थित हुए, जिन्हें राशि वापसी हेतु 7 दिवस का समय प्रदान किया गया। शेष 17 हितग्राही अनुपस्थित रहे, जिनकी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा एकत्रित कर कुर्की की कार्यवाही हेतु आदेश पारित किए गए। पेशी की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु नगर निगम की ओर से श्री लोकेश शर्मा एवं श्री पूनम मालवीय उपस्थित रहे।नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय ने कहा कि –शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना का दुरुपयोग करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। जिन हितग्राहियों ने योजना की राशि प्राप्त की है, वे समय पर मकान निर्माण कार्य पूर्ण करें, अन्यथा उनकी संपत्ति कुर्क कर वसूली की जाएगी।

### चौरई, चाँद, बिछुआ में हुआ अभ्यास

# पुलिस बल ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्रीमती निवेदिता गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्री आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं आदेशानुसार चौरई में अनुभाग के अंतर्गत आने वाले तीनों थानों जिसमें थाना चौरई, चांद, बिछुआ के पुलिस बल द्वारा एक बलवा अभ्यास (ड्रिल) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की कार्यकुशलता, आपसी समन्वय और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को परखना एवं सुदृढ़ करना था ।अनुभागीय अधिकारी (SDOP) चौरई भारती जाट द्वारा अभ्यास पूर्व बल को ब्रीफ किया गया और अनुशासन, सतर्कता, टीमवर्क एवं



जनसेवा के प्रति समर्पण पर बल दिया गया । अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया । उक्त बलवा ड्रिल अभ्यास में चौरई थाने से कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक गणपत उईके, चांद थाने से निरीक्षक अरुण मर्सकोले, बिछुआ थाने से निरीक्षक मोहन मर्सकोले अपने-अपने थाना के बल के साथ सम्मिलित हुए।

## पांच जायरीन मक्का और मदीना के लिए रवाना

**सिंगोड़ी**: सिंगोड़ी से पांच जायरीन मक्का और मदीना शरीफ की उमराह जियारत जाने के लिए निकले। इनमें शिक्षक शेख साजिद सप्पू , साबिर अंसारी और दो महिलाओं के साथ एक बच्ची सामिल है। वही जाहिद मंसूरी ने बताया कि इस महीने में मदीने जाने वाले खुश नसीब जायरीन है क्यों की इस वर्ष हम मुस्लिमों के नबी करीम का ये 15 सौ जन्म उत्सव है ऐसे में उनके दर पर हर कोई जाना चाहता है। परम्परा



अनुसार सिंगोड़ी अंजुमन कमेटी ने मस्जिद में सभी जायरीनों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान सदर इलमन मिस्कीनी,जाहिद मंसूरी, शफीक मिस्किनी, अल्फाज भाई इरफान गुलाम हुसैन मोज्जन, सोनू भाई शहाबुद्दीन शब्बा अलीम भाई, मंजूर पटेल,भाई सहित अनेक लोग सामिल थे।

# नवरात्र महोत्सव पर दुर्गा उत्सव समिति का हुआ गठन

### धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयार की गई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सावता चौक सौंसर कि आगामी नवरात्र पर्व को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई बैठक में नवरात्र महोत्सव को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई है। इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सावता चौक का अध्यक्ष श्रावण अढाऊ,उपाध्यक्ष नकुल पाटील,सचिव गितेश पाटील,सहसचिव साहिल भकने, सहसचिव विकास सिंदूरकर, कोषाध्यक्ष प्रफुल कडु, कोषाध्यक्ष विनयजी गाडगे, सह कोषाध्यक्ष



ईश्वरजी बेलसरे, मीडिया प्रभारी आनंद घाटोड, प्रवीण कडू, चंचलेश भेलकर, अर्जुन श्रीखंडे, निलेश सेलूकर सुमित हिवरकर सदस्य - नंदकिशोर ओरेकर, विजय आमले, सतीश बोडखे, जयंत फसाटे, पवन सरोदे, कुशल वानखेडे, जीतू कोठेकर, रमेश आमले, पुरुषोत्तम अंबडकर,दीपक काले,रवि कोठेकर, मनोहर बोडखे, मंगेश श्रीखंडे, रणधीर बोबडे, उदय निमकर नानू बोबडे आदि का समावेश है। विगत 56 वर्षों से दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नवरात्र महोत्सव के दौरान एक से बढ़कर एक आयोजन किये जा रहे है।इस वर्ष भी अगले महा संपन्न होने वाले नवरात्र पर्व पर विभिन्न धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन समिति की ओर से किए जाने का तय किया गया।बैठक के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत सत्कार किया गया।

# गुलाबी गैंग कमांडर को धमका रहा शराब माफिया

### प्रशासन से मॉगी सुरक्षा, बस स्टेण्ड सहित शहर में चल रहे अवैध आहते बंद हों - पूर्णिमा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में शराब माफिया के खिलाफ खुली लड़ाई छेड़ने वाली गुलाबी गैंग की कमांडर पूर्णिमा वर्मा ने अब प्रशासन के सामने एक गंभीर चेतावनी रख दी है। उनका कहना है कि अगर उन्हें सुरक्षा नहीं मिली और अवैध शराब कारोबारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इच्छा मृत्यु की मांग करेंगी। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी एलान किया है कि आने वाले दिनों में वे छिंदवाड़ा के मानसरोवर चैक पर पांच महिलाओं के साथ आत्मदाह करेंगी।

### 14 साल से शराब माफिया के खिलाफ संघर्ष

पूर्णिमा वर्मा ने करीब 14 साल पहले शराब माफिया के खिलाफ अपनी लड़ाई की शुरुआत की थी। छिंदवाड़ा, सौसर और पांढुर्णा जैसे इलाकों में उन्होंने अवैध शराब की दुकानों और अहातों को बंद करने के लिए कई बार आंदोलन किए। उनका कहना है कि इन शराब ठेकों से अपराध बढ़ते हैं और परिवार टूट रहे हैं। लेकिन लगातार शिकायत और विरोध प्रदर्शन के बावजूद अब तक प्रशासन ने उनकी एक भी मांग पर ध्यान नहीं दिया।धमकियों से घिरी गुलाबी गैंग कमांडरहाल ही में जब पूर्णिमा वर्मा ने अवैध अहातों का खुलासा किया और शराबखोरी के खिलाफ मोर्चा खोला, तो शराब माफिया सक्रिय हो गया। तभी से उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इस डर और दबाव के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी, लेकिन अब उन्होंने साफ कह दिया है कि अगर सरकार और प्रशासन चुप रहा तो वे अपनी जिंदगी खत्म करने का कदम उठाएंगी।

### सुरक्षा की मांग लेकर पहुंचीं जबलपुर आईजी ऑफिस

लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर पूर्णिमा वर्मा मंगलवार को जबलपुर आईजी कार्यालय पहुंचीं। वहां उन्होंने लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की। आवेदन में उन्होंने साफ कहा कि वे समाज के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रही हैं और ऐसे में प्रशासन का कर्तव्य है कि उन्हें सुरक्षा दे। लेकिन अगर उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे इच्छा मृत्यु की अनुमति चाहेंगी।

### गुलाबी गैंग कमांडर ने दी आत्मदाह की चेतावनी

पूर्णिमा वर्मा ने प्रशासन को दिए अपने आवेदन में यह भी चेतावनी दी है कि वे छिंदवाड़ा के मानसरोवर चैक पर पांच अन्य महिलाओं के साथ आत्मदाह करेंगी। उनका कहना है कि जब सरकार शराब माफिया के सामने बेबस हो चुकी है और जनता की सुरक्षा नहीं कर पा रही, तो ऐसे हालात में जीने का कोई मतलब नहीं रह जाता।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तक पहुंचाई शिकायत

पूर्णिमा वर्मा ने यह मामला केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति, राष्ट्रीय महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग और मध्यप्रदेश के डीजीपी तक अपनी शिकायत और सुरक्षा की गुहार भेजी है। उनका कहना है कि अगर समय रहते हस्तक्षेप नहीं हुआ तो वे और उनके साथी महिलाएं खुद को जिंदा जला लेंगी।

### समाज के लिए चल रही लड़ाई

पूर्णिमा वर्मा का कहना है कि यह लड़ाई किसी व्यक्तिगत फायदे के लिए नहीं है। वे चाहती हैं कि शराब की दुकानों से युवाओं और महिलाओं का जीवन बर्बाद न हो। उन्होंने कहा कि शराब के कारण अपराध, घरेलू हिंसा और सामाजिक बर्बादी बढ़ रही है और इसे खत्म करना बेहद जरूरी है।

### प्रशासन पर उठे सवाल

इस पूरे मामले ने प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों 14 साल से लगातार शराब माफिया के खिलाफ लड़ रही एक महिला को सुरक्षा नहीं दी गई? क्यों अब तक अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई? अगर वाकई पूर्णिमा वर्मा आत्मदाह कर लेती हैं तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? यह मामला अब सिर्फ छिंदवाड़ा या जबलपुर का नहीं है। यह सवाल पूरे प्रदेश का है। यहां सवाल खड़ा होंगे कि क्या समाज के लिए आवाज उठाने वाली एक महिला को शराब माफिया के सामने अकेला छोड़ दिया जाएगा, या प्रशासन उसकी लड़ाई में उसका साथ देगा ?

## रामशांति के छात्र ने प्रांतीय जूडो ब्रांज मेडल जीता




**पांढुर्णा ।** गत दिवस इंदौर के होल्कर स्टेडियम में मध्यप्रदेश जुडो असोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय सब जुनियर केडेट एवं जुनियर जुडो प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें स्थानीय रामशांती विद्या मंदिर के छात्र पूर्वांग लोनकर, ने अपने आयु एवं वजन वर्ग में कास्य पदक हासिल किया। पूर्वांग ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शाला को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में पूर्वांग ने अपनी शाला तथा माता पिता का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि खेल प्रशिक्षक प्रवीण वाघमारे द्वारा छात्र को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया था। शाला चेयरमेन सुभाष बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, शाला प्राचार्या चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले, खेल प्रशिक्षक एवं समस्त स्टाफ ने पूर्वांग को शुभकामनाएं दी है।

## कच्ची, कुचिया को लेकर ग्रामीण और मंडल महामंत्री ने की शिकायत

**शिवपुरी / परासिया** :- रावनवाड़ा (शिवपुरी) थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से बिक रही कच्ची शराब और संचालित कुचिया दुकानों को लेकर ग्रामीणों और मण्डल महामंत्री ने शिकायत कर इस पर अंकुश लगाने की मांग की है । भाजपा शिवपुरी मण्डल के महामंत्री मुकेश सालवंशी , ग्रामीण छत्रपाल , सोनू राठौर , सुनील राठौर , नरेश राठौर , जीवन राठौर , राहुल धुर्वे ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर अवगत कराया है , कि शिवपुरी थाना क्षेत्र के बाघ बर्दिया , सावलाढाना , मंडली , पायली , दिघावानी , झूर्रे आदि क्षेत्रों में शराब की अवैध कुचिया बेखौफ संचालित है । गांव - गांव में शराब सप्लाई की जा रही है और कुचियों के माध्यम से बिकवाया जा रहा है । वहीं पलटवाड़ा के ग्रामीण सुनील साहू , जय साहू , लोकेश साहू , अंकित साहू , नवीन सोनी , खेमचंद , दिनेश ने शिवपुरी थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर कहा है , कि पलटवाड़ा में मंदिर के पास और सिंगोड़ी रोड पर आवासीय क्षेत्र के समीप अवैध रूप से शराब बिक्री हो रही है ।



## जतन उईके ने लिया जिला कांग्रेस का पदभार

**पांढुर्ना।** आज धनुष लॉन पांढुर्ना में जिला कांग्रेस कमेटी पांढुर्ना के अध्यक्ष जतन उईके ने पदभार ग्रहण किया। इसके पहले नवनियुक्त अध्यक्ष का सत्कार समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में जिला कांग्रेस प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, जिला समन्वयक भागवत महाजन, म.प्र. कांग्रेस महासचिव एवं प्रभारी रामु टेकाम, सौंसर विधायक विजय चौरे, पांढुर्ना विधायक निलेश उईके, सौंसर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र यमदे, पूनाराम बाविस्टाले, श्रीकांत जिचकार, पांढुर्ना ब्लॉक अध्यक्ष विश्वास कांबे, सौंसर नगर अध्यक्ष अतुल जुननकर, पांढुर्ना नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे तथा कांग्रेस के महिला संगठन के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण, पार्षदगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तरीय थांगता स्पर्धा गोवा, असम के लिए चयनित हुए खिलाड़ी

### ऐतिहासिक जीत के साथ बालिका वर्ग ने प्रथम,बालक वर्ग ने अर्जित किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 6वीं राज्य स्तरीय थांगता प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 अगस्त तक भोपाल थांगता एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित की गई।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 15 जिलों के 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें जिला थांगता स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मार्शल आर्ट कोच योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया की जिले से 38 सदस्य बालक/बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में ओवरऑल प्रथम स्थान एवं बालक वर्ग में ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त कर छिंदवाड़ा जिले को विजेता बनने में एक ऐतिहासिक




भूमिका निभाई। 14 वर्ष सब-जूनियर,18 वर्ष जूनियर वर्ग एवं 18 वर्ष सीनियर बालक/बालिका ने स्वर्ण पदक अर्जित कर आगामी अक्टूबर एवं दिसंबर माह हेतु आयोजित गोवा मढ़गांव एवं असम गुवाहाटी हेतु राष्ट्रीय स्तरीय थांगता प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। थांगता प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक/ बालिका खिलाड़ियों ने इस राज्य स्तरीय थांगता मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता के स्टाइल एक एवं स्टाइल दो की आयु 14 वर्ष सब-जूनियर की -25 कि.ग्रा.नक्ष जैसवाल,अमोल खेत्रपाल,अथर्व मानकदीवे,सोनाक्षी बेस,-29 कि.ग्रा.अंश ढोक,आयुष धुर्वे -33 कि.ग्रा.श्रीसमर्थ रुखमांगद, पार्थ लारोकर-37 कि.ग्रा.श्रेयश गुप्ता, डिंकल बरहैया, हर्ष इवने, अनाबिया खान-41 कि.ग्रा. काव्य कुरोलिया, निहार साहू,श्रेया केवट, समृद्धि चौहान,-45 कि.ग्रा. अर्पित विश्वकर्मा,आरव जैसवाल, वेदिश भूमरकर -49 कि.ग्रा.अनिष्का जैसवाल -53 कि.ग्रा.विभोर मालवी शामिल है।

### घरों और पूजा पंडालों में तैयारी कर ली गई पूरी

# आज घर-घर विराजेंगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गणेश चतुर्थी का पर्व इस साल 27 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी लोग घरों और पंडालों में गणपति बप्पा की स्थापना करेंगे। लेकिन अक्सर यह सवाल उठता है कि घर में कौन-सी गणेश प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए – सिंदूरी या सफेद? साथ ही स्थापना का शुभ समय क्या है?

### सिंदूरी या सफेद गणेश मूर्ति – कौन सी है शुभ?

**सफेद गणेशः** शांति, सुख-समृद्धि और पारिवारिक सौहार्द का प्रतीक मानी जाती है। घर में सफेद मूर्ति स्थापित करने से मानसिक शांति बनी रहती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।

**सिंदूरी (लाल/केसरिया) गणेशः** आत्मविश्वास, ऊर्जा और संकल्प शक्ति का प्रतीक हैं। करियर, व्यापार और लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सिंदूरी गणेश की स्थापना विशेष शुभ मानी जाती है।



**स्थापना का शुभ समय (मुहूर्त)**

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 27 अगस्त को गणेश प्रतिमा स्थापना के लिए सबसे शुभ समय सुबह 11:05 बजे से दोपहर 1:40 बजे तक है। इसके अलावा सुबह 7:33 से 9:09 बजे तक और 10:46 से 12:22 बजे तक का समय भी शुभ माना गया है।

### वास्तुशास्त्र के अनुसार जरूरी नियम

गणेश जी की मूर्ति हमेशा उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) या उत्तर / पूर्व दिशा में स्थापित करनी चाहिए।मूर्ति की सूंड बाईं ओर मुड़ी होनी चाहिए, इसे वाममुखी गणेश कहा जाता है और यह गृहस्थ जीवन के लिए शुभ माना गया है।गणेश जी की बैठी हुई (ललितासन) मुद्रा सबसे उत्तम है।घर में सिर्फ एक ही गणेश प्रतिमा रखें, एक से अधिक मूर्तियां रखना अशुभ माना जाता है। मूर्ति के साथ मूषक (वाहन) और मोदक का होना जरूरी है।मिट्टी से बनी पर्यावरण-अनुकूल प्रतिमा को सबसे शुभ माना जाता है।

// न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर-3 //

इश्तहार

राजस्व प्रकरण कमांक / अ-19(3)/2025-26

मौजा ईमलीखेडा

चूंकि आवेदक आयुक्त, नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा मौजा ईमलीखेडा पटवारी हल्का नंबर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल छिं-3 स्थित खसरा नंबर 31/1 रकबा 0.576 हे0 भूमि व्यवसायिक कॉम्पलेक्स / मॉल निर्माण हेतु हस्तांतरित किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय छिन्दवाड़ा के समक्ष प्रस्तुत आवेदनपत्र जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ईमलीखेडा पटवारी हल्का नंबर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल छिं-3 स्थित खसरा नंबर 31/1 रकबा 0.576 हे0 भूमि व्यवसायिक कॉम्पलेक्स / मॉल निर्माण हेतु हस्तांतरित किये जाने में यदि कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29-8-2025 को स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि गत हो जाने के उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14-8-2025 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
छिन्दवाड़ा

## कोटवार संघ ने सौंसर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# समस्याओं को लेकर भोपाल में प्रदर्शन करेंगे कोटवार




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**

मंगलवार को सौसर में आजाद कोटवार कर्मचारी संघ की ओर से भोपाल में तिरंगा यात्रा में शामिल होने के उद्देश्य को लेकर सौसर कोटवार के द्वारा तहसीलदार भावना मलगाम को ज्ञापन सोपा गया।कोटवार संघ सौसर अध्यक्ष अजय गजभिए, उपाध्यक्ष जगदीश मडके,सचिव नरेंद्र गजभिए चंद्रभान सहारे, राजू टैंभूरने, सुरेश बसोड़, कैलाश बागडे, राजेंद्रभाऊ दुफारे शुभांगी गोडबोले सरिता बाई गजभिए विज्ञापन के माध्यम से प्रशासन |को अवगत करते हुए बताया कि 4 सितंबर को भोपाल में आजाद कोटवार कर्मचारी संघ की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।इस यात्रा में संपूर्ण मध्य प्रदेश के कोटवार शामिल हो रहे हैं। तिरंगा यात्रा के माध्यम से सरकार को कोटवारों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सोपे जाएगा जिसमेंराजस्व विभाग के कुछ कोटवार विरोधी फैसलों से आहत होकर तथा भिंड जिले की अटेर तहसील में 31 कोटवारों को अबैध रूप से हटाने, भिंड में 6 कोटवारों को हटाने उनकी सेवा भूमि पर कब्जा करने एवं खंडवा जिले की पंधाना तहसील में कोटवार की अधिकारी के बंगले पर संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु होने, कोटवार वर्दी में भ्रष्टाचार होने, आदि समस्याओं के समाधान के लिए दुखी होकर भोपाल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया है। सौसर क्षेत्र से भी सभी कोटवार इस यात्रा में शामिल होने वाले है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का जन्मोत्सव



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 03 में स्थित त्रिपुर सुंदरी मंदिर जुन्नारदेव में द्वीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष भगवान ब्राह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का 101वा प्रगटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में उनके प्रगटोत्सव के अवसर पर उनके अनुयायियों द्वारा विधि विधान से पादुका का पूजन अर्चन किया गया। पूजन अर्चन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन बिल पर भाषण निबंध प्रतियोगिता के साथ जन जागरण अभियान



**जुन्नारदेव** : भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जहाँ विभिन्न धर्म और समुदाय अपनी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का संचालन करते हैं। मुस्लिम समाज के धार्मिक, शैक्षिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए वक्फ संपत्तियाँ सदियों से समर्पित की जाती रही हैं। इन संपत्तियों का प्रबंधन और सही उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार समय-समय पर वक्फ अधिनियम में संशोधन करती रहती है। हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन बिल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उक्ताशय के उद्बोधन डॉक्टर संगीता वाशिंगटन शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव ने वक्फ संशोधन बिल जागरूकता अभियान के दौरान व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत शिक्षक फिरोज खान ने पसमांदा मुस्लिम का प्रतिनिधित्व करते हुए वक्फ की परिभाषा और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा३वक्फ३ शब्द अरबी भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है—किसी संपत्ति को अल्लाह की राह में स्थायी रूप से समर्पित करना। वक्फ संपत्तियों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबों की मदद, धार्मिक संस्थाओं के संचालन और समाज कल्याण के कार्यों के लिए किया जाता है। भारत में लाखों एकड़ भूमि और संपत्तियाँ वक्फ के अधीन हैं। इस अवसर पर अधिवक्ता राजेश जी ने कहा कि वक्फ बोर्ड में मुस्लिम समाज के 15% अशरफ लोगों का कब्जा था।

# आपसी सद्भावना और सौहार्द के साथ मनाया जाए त्यौहार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**

आगामी दिनों में गणेश चतुर्थी, ईद मिलादुन्नबी जैसे प्रमुख त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जुन्नारदेव थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक नायब तहसीलदार मोहित नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जी गर पालिका मुख्य कार्यपालन अधिकारी नेहा धुर्वे, थाना प्रभारी राकेश बघेल, विद्युत अभियंता जुन्नारदेव नरेंद्र चौधरी, अखिल समिति सदस्य एवं पार्षद संजय जैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी व नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मूर्ति विसर्जन सहित डीजे एवं अन्य संबंध में विचार विमर्श रखे गए।बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, ट्रैफिक को सुचारू रखने और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना था। पुलिस थाना प्रभारी राकेश बघेल ने सभी उपस्थित सदस्यों से सुझाव लिए और उन्हें पुलिस प्रशासन की तैयारियों से अवगत कराया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी त्योहार बिना किसी बाधा के संपन्न हों। उन्होंने पंडालों में सुरक्षा, जुलूसों के लिए निर्धारित मार्गों और ट्रैफिक प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान रहने और ऐसी किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की। इस अवसर पर, वार्ड के पार्षदों और सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर काम करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि आपसी सहयोग और सद्भाव से ही हम सभी त्योहारों का सही आनंद ले सकते हैं। यह बैठक एक सफल प्रयास रही, जिससे यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले सभी त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाएंगे।

# डिवाइडर पर रखे गमलों का मजा ले रहे जानवर





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**

परासिया नगर पालिका में सड़क और डिवाइडरों की सुंदरता बढ़ाने के लिए नपा की योजना का लाभ लोगों को जब मिलेगा , तब मिलेगा , पर अभी तो इसका आनंद जानवर ले रहे हैं । नपा द्वारा जामई रोड पर थाने से लेकर तहसील कार्यालय के आगे तक डीवाईडर पर सीमेंट के गमले रखे गए हैं , जिसका मजा जानवर ले रहे हैं , लेकिन नेता प्रतिपक्ष ने इसे नपा की लापरवाही बताया है ।नपा परासिया द्वारा लगभग 15 दिन पूर्व डिवाइडर पर सीमेंट के गमले रखे गए हैं , जिनमें पौधे लगाए जाने है , पर अभी तक इनमें पौधे नहीं लगाए गए हैं । इन गमलों को सड़क पर खड़े जानवर नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते अक्सर नजर आते हैं । इस मामले मेंनेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह का कहना है , कि लगभग आधा महीना गया है , गमलों को मिट्टी डालकर असुरक्षित छोड़ दिया गया है । इन गमलों को आय दिन आवारा जानवर नुकसान पहुंचा रहे हैं । वहीं लोग इन गमलों में कचरा भी डाल रहे हैं । लोगों को लग रहा है , कि शायद यह गमले कचरा डालने के लिए रखे गए हैं । नेता प्रतिपक्ष का मानना है , कि इनमें जब पौधे लगाए जायेंगे और जब वह बड़े होकर फैलेंगे तब रोड सकरी हो जाएगी , दुर्घटनाएँ होने की आशंका भी बढ़ेगी । नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने उक्त मामले की शिकायत कलेक्टर , एसडीएम और मुख्य नगरपालिका अधिकारी से की है । उन्होंने कहा , कि उक्त सीमेंट गमलों की जांच की जाए और जाएं के उपरांत ही सीमेंट गमलों का भुगतान किया जाए । जब तक भुगतान पर रोक लगाई जाए और पुनः टेंडर प्रक्रिया करके खरीदी की जावे ।

# कटंगी और तिरोड़ी थाने में हुई शांति समिति की बैठक

### त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की प्रशासन ने की अपील, नागरिकों ने रखे सुझाव



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

आगामी तीज-त्योहार गणेश चुतुर्थी, पयुर्षण पर्व, ढोल ग्यारस, ईद मिलादुन्नबी में सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने के मकसद से मंगलवार को कटंगी और तिरोड़ी थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. तिरोड़ी में दोपहर 12 बजे तहसीलदार गीता राहंगडाले की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई. बैठक में थाना प्रभारी कौशल सूर्या समेत तिरोड़ी और आसपास के ग्रामीण इलाकों के गणमान्य जन शामिल हुए. तिरोड़ी तहसीलदार ने ग्रामीण अंचलों में गणेश चुतुर्थी पर्व किस तरह से मनाया जाता है और कहां-कहां प्रतिमा स्थापित की जाती है इसकी जानकारी ली. थाना प्रभारी ने समितियों से कहा कि पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए पर्व मनाए।

कटंगी थाना परिसर में शाम साढ़े 05 बजे एसडीएम के.सी. ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई. यहां बैठक में प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार राकेश प्रजापति, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गायत्री कुमार सारथी, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम, सहायक यंत्री बिजली विभाग राजीव रंजन, नगर परिषद लेखापाल अशोक दुबे सहित नगर के गणमान्य नागरिक और पत्रकार शामिल हुए. एसडीएम ने गणेश उत्सव समितियों से त्योहार की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी की उपलब्धता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी ली. उन्होंने समितियों से कहा कि सभी पंडालों में बिजली के उपकरण का विशेष ध्यान रखा जाए कहीं भी खुले तारों से कनेक्शन ना लिया जाए. सभी पंडालों में समितियों के पदाधिकारी रात्रि में जरूर उपस्थित रहे, सड़क पर प्रतिमाएं स्थापित ना करे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में स्वास्थ्य जाँच शिविर का हुआ आयोजन

**लालबर्रा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में 25 अगस्त को परियोजना अधिकारी श्रीमती रानू शिवहरे एवं डॉ. रितु धुर्वे के संयुक्त मार्गदर्शन में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. तृप्ति पाठक एवं बीएमओ डॉ. धर्मेंद्र मंडलोई के द्वारा सेक्टर अमोली, मोहगांव, नेत्रा, बेहरई सेक्टर के SAM बच्चों के हीमोग्लोबिन की जाँच एवं बीमारी की भी जांच की गई। इस दौरान बच्चों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया और बच्चों को NRC जाने समझाइश दी गयी। स्वास्थ्य जांच शिविर में पर्यवेक्षक श्रीमती भारती मेश्राम, श्रीमती गीता पटले, श्रीमती कामना वर्मा, श्रीमती प्रिया ठाकुर के द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण पर परामर्श दिया गया।

## थाना लालबर्रा में बकरा चोरो के खिलाफ मामला पंजीबद्ध

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।**



क्षेत्र में विगत वर्षों से बकरा -बकरी चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थी लेकिन चोर पकड़ में नहीं आ पा रहे थे। हाल ही में 24 अगस्त की रात्रि में ग्राम बकोड़ा निवासी सुरेंद्र दांदरे के घर से अज्ञात चोरो द्वारा लगभग रू 20000 कीमत का बकरा चुरा लिया गया। जिसकी जानकारी बकरा मालिक द्वारा अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को दी गई और व्हाट्सएप पर फोटो भी डाल दी गई थी जिनकी इस सूझबूझ से बकरा चुराने वाले चार चोरों को पकड़ लिया गया। विदित हो कि चोरों द्वारा बकरा चुराकर कार क्रमांक cg 13 a 4634 से बकरा बेचने के लिए धरना बाजार ले जाया गया था जहां पर ग्रामीणों ने बकरे को पहचान लिया और बकरा मलिक को सूचना दी गई सूचना मिलते ही बकरा मालिक अपने दोस्तों के साथ जाकर चोरों को पड़कर लालबर्रा थाना लाया गया जहां पर पुलिस द्वारा आरोपियों आतिफ अली निवासी बघोली, जय।न खान निवासी बघौली, राहुल कोसले निवासी बघौली, एवं आर्यन डोंगरे निवासी छप।रा बरघाट के खिलाफ बी एन एस की धारा 331 (4) 305 (ए) के तहत मामला पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया है साथ ही अपराध में प्रयुक्त वाहन को भी पुलिस कस्टडी में ले लिया गया है।

# शहर में दिन-दहाड़े हो रही बाइक चोरी

### चोरों के लिए मजाक बनी पुलिस, आए दिन हो रही वारदातें

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**



यदि आप कटंगी शहर में कहीं भी अपनी साइकिल या मोटर साइकिल खड़ी कर रहे है तो सावधान हो जाइए. क्योंकि आपकी छोटी सी लापरवाही पर चोरों की मौज हो सकती है. ऐसा इसलिए क्योंकि कटंगी शहर में बीते कुछ महीनों से चोरों की मौज ही मौज है. बाइक चोरी की एक और वारदात कटंगी शहर के पुराना रेलवे स्टेशन के पास स्थित श्री मां साई पब्लिक स्कूल के सामने हुई है. चोरी की यह पूरी वारदात स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. जिसमें देखा जा सकता है कि एक व्यक्ति मुंह को कपड़े से बांधकर बड़ी ही आसानी से बाइक की चोरी कर अपने साथ लेकर जा रहे है. लखनवाड़ा निवासी बाइक मालिक कोमल कटरे ने मंगलवार की दोपहर 1 बजे जानकारी देते हुए बताया कि एक दिन पहले यानी सोमवार की दोपहर 12 बजे से 01 बजे के बीच अज्ञात चोर ने उनकी बजाज प्लेटिना बाइक क्रमांक एमएच 40 बीए 1762 चोरी कर ली. कोमल कटरे प्राइवेट स्कूल में शिक्षक है और स्कूल के बाहर ही उन्होंने पेड़ की छाया के नीचे अपनी बाइक प्रतिदिन की तरह पार्क की थी जहां से अज्ञात चोर ने चोरी की ली।

## शासकीय महाविद्यालय लांजी में माटी गणेश -सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

# माटी गणेश- सिद्ध गणेश प्रशिक्षण कार्यशाला में मिट्टी से छात्राओं ने बनाई मूर्तियां

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्राकृतिक और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केंद्रित माटी गणेश- सिद्ध गणेश के व्यापक के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजन के अंतर्गत कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन सतपुड़ा भवन भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय लांजी में 26 अगस्त को माटी गणेश- सिद्ध गणेश अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रोफेसर आर आर सोनवाने के अध्यक्षता में किया गया ।मप्र जन अभियान परिषद, विकासखंड लांजी द्वारा "माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान" के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय महाविद्यालय लांजी किया गया। इस प्रशिक्षण में मिट्टी के गणेश भगवान की प्रतिमा बनाने की प्रक्रिया को विस्तार से सिखाया गया। साथ ही सभी से निवेदन किया कि वह अपने घर, अपने कार्य स्थल पर मिट्टी से बने हुए गणेश जी ही विराजित करें।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंच संचालन कर रहे डॉक्टर डालेश कुमार विजयवार ने कहा कि माटी गणेश- सिद्ध गणेश मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित है। जिसके प्रचार प्रसार के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान परिषद सदस्य विजय हटीले ने कहा कि मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाने से पर्यावरण संरक्षण होता है। वही रमेश आसटकर जन अभियान परिषद नवाकुर संस्था के सचिव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माटी गणेश - सिद्ध गणेश मध्य प्रदेश सरकार की योजना पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें इसका अनुसरण करना चाहिए कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर आर आर सोनवाने ने छात्र-छात्राओं को



संबोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में माटी गणेश- सिद्ध गणेश अभियान प्रारंभ किया गया है मिट्टी के गणेश बनाने वाले मूर्तिकारों से प्रतिमा खरीद कर वोकल - लोकल और स्वदेशी के भाव को संपोषित करें उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।प्रशिक्षक पवन कश्यप ने मिट्टी के गणेश की मूर्ति निर्माण की विधि छात्र-छात्राओं को बताई तथा पवन कश्यप ने कहा कि अपने खेत से मिट्टी लाकर उसे मूर्ति बनाने लायक तैयार करें और उसे आकृति दें छात्र-छात्राओं ने पवन कश्यप से मूर्ति बनाने की कला सीखी तथा कुछ छात्राओं ने मिट्टी से गणेश की प्रतिमा बनाकर भी दिखाया। श्री कश्यप ने कहा की प्रतिमा प्लास्टर ऑफ पेरिस से ना बना कर मिट्टी से बनाई जाए क्योंकि ऐसा करने से पर्यावरण संरक्षण में लाभ होगा छात्र-छात्राओं ने may Gov पोर्टल पर सहभागिता एवं शपथ का आई प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर गौतमा कठाने,नितेश मेश्राम कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ,साहेब लाल ऐडे,महेश दमाहे, जया कछवाहे, अंजली सोनी, डॉक्टर ललित कामडे ,विजय हटीले ,शुभम रामटेके,लखनलाल बांहे ,हितेश बांसोड़, वैभव मुरकुटे ,राहुल पारधी,अमन राउत ,विजय बिसेन, श्रीमती गीताबाई, शेषराम घोरमारे, श्रीमती ज्योति बाई राउत एवं एन एस एस छात्र तथा समस्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## भजन संध्या के साथ महाप्रसाद का हुआ वितरण

# श्री विष्णु अवतारी रामदेव बाबा दो दिवसीय जन्मोत्सव मनाया

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**



राधा माधव सत्संग मंडल के संस्थापक श्री श्री 108 हरिओम ब्रम्हचारी जी महाराज के सूक्ष्म संरक्षण में बाबा रामदेव जी महाराज का 2 दिवसीय जन्मोत्सव आनंद व हर्षोल्लास से बाबा रामदेव मंदिर लालबर्रा रोड वारासिवनी में 24 एवं 25 अगस्त को मनाया गया।

जन्मोत्सव पर स्थानीय बाबा रामदेव मंदिर में भव्य रूप से दो दिवस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतमय भजन संध्या आयोजित की गई। जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह समय अभिषेक, हवन और आरती के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। पहले दिन शाम को बालाघाट के श्याम गुणगान स्वजन का संगीतमय भजन संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालाघाट से आए अंकित शर्मा और दीपिका आनंद ने शानदार श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमें अधिक संख्या में भक्तों ने बाबा रामदेव राजस्थान के सरकार की आराधना कर भजनों का आनंद लेकर धर्म लाभ लिया।

वहीं दूसरे दिन सुबह विशेष अभिषेक, हवन और आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें भक्तों ने बाबा के जयकारे के नारे लगाए। उसके बाद दिन भर पकवान रूपी भंडारे का प्रसाद वितरित कर धर्म की पताका फहराई गई। कार्यक्रम के दौरान दिन भर मंदिर में चहल पहल व रौनक देखी गई।

बता दें कि बाबा रामदेव मंदिर मनोकामना की पूर्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। मंदिर में सच्चे मन से कामना करने वालों की हर मुराद पूरी होती है, इसीलिए महानगरों से भी भक्तों के आने का सिलसिला हमेशा चलते रहता है। इस अवसर पर अधिवक्ता संतोष चौहान ने बताया कि यह मंदिर 100 वर्ष से भी अधिक पुराना एक प्राचीन सिद्ध मंदिर है, जहाँ बाबा रामदेव जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा महाराज के संरक्षण और राधा माधव सत्संग मंडल के माध्यम से हुई थी। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। यह उत्सव पूरे भारत वर्ष में बाबा रामदेव जी के अनुयायियों द्वारा मनाया जाता है। बाबा रामदेव जी को भगवान श्री विष्णु का अंशावतार माना जाता है। जोधपुर में उनकी समाधि स्थित है, जहाँ बाबा रामदेव जी, डाली बाई और उनकी एक बहन की तीन समाधियाँ हैं। इस दिव्य स्थान का प्रभाव वारासिवनी बाबा रामदेव के मंदिर में भी महसूस होता है।

## खबर संक्षेप

### विनोद समेत 5 जुआरी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनवाड़ा पुलिस ने ग्राम आ कला के पास चावड़ी मार्ग पर जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली की ग्राम आमाकोला चावड़ी रोड पर कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे है।

खुले मैदान जुआ खेल रहे शिवकुमार पिता संतुलाल यादव उम्र 28 वर्ष निवासी आमाकोला, विनोद पिता संतराम भलावी उम्र 28 वर्ष निवासी आमाकोला,विमल पिता तीरथदास चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी चावड़ी,फिरोज उर्फ पप्पू पिता कलीम खान उम्र 28 वर्ष निवासी आमाकोला और अलकेफ पिता नईम खान उम्र 23 वर्ष निवासी आमकोला से कुल 2250 रूपये एवं तास के 52 पत्ते जब्त किए गए। आरोपियो पर मामला दर्ज किया गया है।

## कंबल वाले बाबा के शिविर में उमड़ी भीड़

# दवाई बेचने के नाम पर की जा रही खुली लूट

**सिवनी जिले के बंजारी मंदिर स्थित प्रांगण में इन दिनों एक बाबा पहुंचे हैं जिनका नाम है कंबल वाले बाबा और इनका दावा है,कि उनके पास जो मरीज आता है किसी भी बीमारी से ग्रस्त हो वह उसे ठीक कर देते हैं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बाबा के पास यहां रोज हजारों लोग पहुंच रहे हैं गिरते पानी में व्हीलचेयर में बैठकर घंटों धूप में भी यह लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, हमने कुछ लोगों से बात की तो उन्होंने कहा कि कोई आराम नहीं मिला तो कुछ लोग यह कहते नजर आए कि कुछ तो आराम मिला है वही बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोगों के साथ यहां पर खुली लूट की जा रही है बाबा अपने प्रोडक्ट का तेल और चूरन यहां पर करीब साढे 6 सौ रुपए की कीमत पर बेच रहे हैं। बता दे कि जो शिविर यहां लगा है उसके 10 मीटर की दूरी एनएच 44 का रास्ते में बड़ी मात्रा में पार्किंग कर दी गई है, जिससे कभी भी यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है, दवाई बेचने के मामले में जब हमने बाबा से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि दवाई खरीदने के लिए किसी के साथ जबरदस्ती नहीं की जा रही जबकि बाकायदा उनके साथी एलाउंसमेंट करके दवा साथ जरूर ले जाने की बात कर रहे हैं।

### खेत में मिला 65 वर्षीय किसान का शव

**सिवनी।** जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के बुढ़वानी सीहोरा में एक खेत से 65 वर्षीय किसान लेखराम पटेल का शव मिला है। वह कल रात से लापता थे।

सुबह जब कुछ ग्रामीण खेत की तरफ गए तो उन्हें लेखराम का शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत सिंह धुर्वे मौके पर पहुंचे।पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लखनादौन थाना प्रभारी कीरत सिंह धुर्वे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक किसान ने फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत के आसपास करंट के तार बिछाए थे।

पुलिस को आशंका है कि इन्हीं तारों के संपर्क में आने से लेखराम की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। मौत के सटीक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चल पाएगा।

# सिवनी बालाघाट मार्ग पर पड़े गहरे गड्ढे

## राहगीरों को आवागमन में हो रही दिक्कत



**स्टेट हाइवे सिवनी बालाघाट मार्ग पर जगह जगह गहरे गड्डे पड़ गये है जिससे राहगीरों को अवागमन मे खांसी दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा है ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राहगीरी ने बताया कि बरघाट खूंट और जेवनारा के रास्ते मे जगह जगह गहरे गड्डे दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे है। गहरे गड्डो मे गाड़ी कूदने से अनियंत्रित हो हादसे की शिकार हो रहे है। एमपीआरडीसी की अनदेखी के चलते सडक की मरम्मत नही हो पाई है। एमपीआरडीसी कि लापरवाही का खामियाजा लोगो को उठाना पड़ रहा है।

# आबकारी विभाग के जिम्मेदारों की लचर कार्य प्रणाली से घंसौर में गांव गांव बेची जा रही शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

गांव गांव गली गली बिक रही शराब मुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगा दिखा रहा है घंसौर देशी व अंग्रेजी शराब दुकान का ठेकेदार पूरे घंसौर क्षेत्र के गांव गांव किराना दुकानों से लेकर होटलों तक से बिकवा रहे है शराब ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के द्वारा नामामिदेवी नर्मदे सेवा यात्रा के दौरान घोषणा की गई थी कि नर्मदा के किनारे बसे गांवों में शराब बेचना प्रतिबंधित रहेगा लेकिन इसके बाद भी घंसौर

क्षेत्र के नर्मदा नदी के किनारे बसे गांवों में शराब ठेकेदार के द्वारा खुलेआम चार पहिया, दो पहिया वाहनों से शराब पहुंचाई जा रही है ,और यह सब काम बगैर किसी भय के खुले आम ठेकेदार के लोगों द्वारा किया जा रहा है। किसी का कोई भय ठेकेदार को नहीं है।

इससे यह लगता है कि सभी सम्बंधित विभागों की भी इसमें मिली भगत है तब तो खुले आम वाहनों में शराब लेजाई जा रही है कोई रोकने टोकने वाला नहीं है यहां तक कि घंसौर शराब दुकान से दुसरे जिलों में तक शराब भेजी जा रही है पूर्व में घंसौर शराब दुकान की शराब को दूसरे जिलों में पकड़ा भी गया और मामला कायम कर गिरफ्तारी भी हुई लेकिन फिर भी ठेकेदार के हौसले कम नहीं हुये है और वह फिर से वही काम शुरू कर दिया है और मुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगा दिखा कर घंसौर क्षेत्र के बालपुर, मेहता ,खमरिया, लुटमरा, बिनेकी, गोरखपुर, शिकारा, सारसडोल, पौड़ी ,किंदरई, केदारपुर, झुरकी ,व्यौहारी, कटिया, भिलाई, कुडोपार, निधानी आदि ग्रामों में बेधड़क शराब पहुंचाई जा रही है। अतः आम जन ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि गांव गांव में भेजी जा रही शराब को प्रतिबंधित किया जाए एवं ठेकेदार पर उचित कार्यवाही की जावे

## 28 से केवलारी नगर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**वैदिक पंडित अनुदेश तिवारी के श्री श्रीमुख से होगा भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन ।**

**केवलारी।** केवलारी नगर के वॉर्ड नंबर 13 रानी अवंती बाई वार्ड में गणेशोत्सव के पवन अवसर पर दिनांक 28/08/2025 दिन गुरुवार से 04/09/2025 तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक वैदिक पंडित अनुदेश तिवारी जी के श्रीमुख से प्रति दिन दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन होगा।

आयोजन समिति के द्वारा कथा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कथा के लिए एक पंडाल तैयार किया गया है, जिसमें भक्तों के बैठने की व्यवस्था की गई हैं ।

आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि इस कथा का मुख्य उद्देश्य सर्वे भवन्तु सुखिना की भावना एवं समाज में धर्म और आध्यात्म का प्रसार करना, युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। इसके साथ ही उन्होंने सभी सनातन प्रेमी बंधुओं से अधिक अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया। आपको बता दें कि दिनांक 04/09/2025 को उक्त भागवत का समापन,पूर्ण आहुति, हवन, विसर्जन उसके उपरांत महाप्रसाद का वितरण होगा ।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन भाजपा संभागीय बैठक में हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने भारतीय जनता पार्टी की संभागीय बैठक मे सम्मिलित हुए। आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय जबलपुर मे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित जबलपुर संभागीय बैठक मे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी सम्मिलित हुए।

जहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा द्वारा संगठन विस्तार, पार्टी की रणनीति और आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया गया इस गरिमामयी अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार , मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव , प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा , प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह , प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल , उपमुख्यमंत्री , राजेन्द्र शुक्ला , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वी.डी शर्मा , केबीनेट मंत्री प्रहलाद पटेल , केबीनेट मंत्री राकेश सिंह , विधायक दिनेश राय मुनमुन , सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# ठेकेदार की घोर लापरवाही के कारण ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा

**कान्हीवाड़ा, रेलवे अंडर ब्रिज के पास लाखों की लागत से बन रही पानी निकासी की नली ठेकेदार श्री राय की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण सैकड़ो ग्रामीण छात्र-छात्राएं आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**



रेल विभाग के उच्च अधिकारियों से क्षेत्रीय नागरिकों की मांग है कि ठेकेदार राय की उदासीनता के चलते तीन-चार माह से जनता को जबरन परेशान किया जा रहा है नल की सफाई हो जाने के कारण पानी निकासी ठीक तरह से होने लगी है किंतु जागरण उसके बाजू से लाखों रुपए खर्च कर पक्की नाली का निर्माण तीन माह से चल रहा है जैसे चने की भाजी तोड़कर व्यक्ति अनेक दिनों तक खाता रहता ऐसा ही रेल विभाग का पैसे को श्री राय नोच नोच कर खा रहे हैं एक दिन काम चलता है दूसरे दिन बंद रहता फिर दूसरे दिन चलता है फिर बंद रहता रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए रास्ते को खोदकर यात्रियों को आने जाने में भी बाधा उत्पन्न कर दिया है जिससे नागरिक बहुत परेशान हो रहे हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के डीआरएम से नागरिक कौन है मांग की है कि तत्काल रोड का काम करवा कर नाली का काम बंद कर दिया जाए समस्या का निराकरण कच्चे नल की सफाई से ही हो गया जबरन रेल विभाग के लाखों रुपए खर्च कर श्री राय ठेकेदार मालामाल बन रहा समय रहते हुए इस पर शीघ्र कार्यवाही नहीं होती है तो आम नगरी के छात्र-छात्राएं किसी भी दिन रोड जमकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी रेल विभाग की होगी।

# रेल्वे स्टेशन घंसौर की समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश, एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज हेतु ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

सिवनी जिले के घंसौर रेलवे स्टेशन से जुड़ी समस्याओं और एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस संबंध में नागरिकों ने रेलवे प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा है। सिवनी जिले के घंसौर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के अभाव और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर लंबे समय से मांग उठाई जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि घंसौर एक बड़ा क्षेत्र होने के बावजूद यहाँ प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।यात्रियों को मजबूरन जबलपुर, नैनपुर या नरसिंहपुर जैसे स्टेशनों पर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है बल्कि आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है।इसी समस्या को लेकर घंसौर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने एकजुट होकर रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रक्तदान महादान जन्मदिन के सो अवसर पर युवा नेता भाजपा के अजय गहलोत ने अपने जन्मदिन के सो अवसर पर रक्तदान प्रदान किया।

# धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान के समीप से शराब दुकान हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पलारी-तिगड्डा, हरवंशपुरी ग्राम-पंचायत झगरा के ग्रामवासियों ने अपनी पीड़ा में बताया कि हनुमान मंदिर, शासकीय आई.टी.आई केवलारी, शा.मा. शाला एवं आवासीय मोहल्ले के समीप शराब दुकान दिनांक 01/04/2025, से ठेकेदार-राकेश साहू निवासी-पलारी-चौराहा द्वारा खोली गई है। जिसकी आपत्ति, सभी ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायत-झगरा को दी गई थी एवं कार्यावाही की मांग की गई थी। कार्यालय, ग्राम पंचायत झगरा द्वारा लिखित में सूचना दी गई कि पंचायत के बिना अनुमति के शराब दुकान संचालित की जा रही है। इसके पूर्व में भी शासकीय आई.टी.आई एवं शा.मा. शाला झगरा द्वारा विषय संदर्भ में आपको सूचित किया जा चुका है। यह शराब दुकान शैक्षणिक, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थान के समीप होने के कारण वातावरण में नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। समाज में अनुशासनहीनता, अपराध एवं सामाजिक समस्यायें उत्पन्न हो रही है।

## गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**केवलारी** / नगर के पुलिस थाने में गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए समिति में चर्चा की गई। इस बैठक में पुलिस अधिकारी, प्रशानिक विभाग और नगर के गणमान्य नागरिकों ने बैठक में भाग लिया, शांति और सौहार्द त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी समुदाय के सदस्यों से सहयोग की अपील की गई। पुलिस गश्तः त्योहारों के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। नशाखोरी पर कार्रवाईः नशाखोरी और शराब के नशे में पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर के विभिन्न मार्गो में साफ सफाई एवं यातायत को व्यवस्थित करने की बात समिति में प्रमुखता से रखी गई, नगर की मस्जिद कमेटी के पूर्व सदर रफीक खान ने अपने वक्तव में कहा ईदमिलादुन्नबी का जुलूस कहां से निकलेगा नगर भ्रमण कहां से होकर समापन होगा ये सिर्फ मुस्लिम समाज ही क्यों तय करे , इसमें हमारे नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि व प्रशासन सबमिलकर कार्यक्रम की एक अच्छी रूपरेखा तैयार करें।

इस अवसर पर एस डी ओ पी आशीष बरांडे, तहसीलदार शशांक मेश्राम, टी आई एस राम टेक्कर, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद मोदी,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री अनूप बघेल समेत नगर के पत्रकार , गणमान्य नागरिक की प्रमुखता से उपस्थिति रही।

# न्यायालय में लंबित प्रकरणों का किया गया निराकरण



**सिवनी।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार मेडिएशन फॉर दी नेशन 90 दिन स्पेशल मेडिएशन कैंपियन के अंतर्गत न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया।

उक्त कैंपियन के अंतर्गत तहसील न्यायालय लखनादौन में न्यायालय सुश्री रिशु भगत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी लखनादौन में लंबित प्रकरण को संजीव कुमार पालीवाल प्रथम जिला न्यायाधीश लखनादौन में मेडिएशन हेतु रेफर किया गया था जिसमें संजीव कुमार पालीवाल प्रथम अपर जिला न्यायाधीश के द्वारा उक्त प्रकरण में दोनों पक्षों को सुना गया एवं समझौता करने हेतु प्रेरित किया गया जिसमें सामाजिक रूप से बहिष्कृत महिला को समझौते के क्रम में न्यायालय में सामाजिक मेल मिला करते हुए न्यायालय के माध्यम से परिवादी के द्वारा समाजजन को चाय पिलाई गई और उसे समाज में अपनाया गया। इस तरह परिवादी के द्वारा समझाइए के माध्यम से समाजजन के विरुद्ध प्रस्तुत मानहानि के प्रकरण में कुल 18 समाजजन के द्वारा समझौता करते हुए सहमत हुए। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा चलाए गए मेडिसिन फॉर नेशन कार्यक्रम का लाभ पक्षकारों को मिला। तथा अन्य न्यायालयों में भी लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। एवं दोनों पक्षों को सुनकर एवं समझ कर प्रकरणों का निराकरण किया गया। आमजन लोगों के प्रकरण अगर न्यायालय में लंबित है अगर वह चाहते हैं इस कैंपेन के अंतर्गत लाभ लेना चाहते हैं तो प्रकरणों का निराकरण न्यायालय में आकर कर सकते हैं। उक्त प्रकरण के समझौते में परिवादी की ओर से फाजिल अहमद अधिवक्ता एवं अनावेदक गण की ओर से अंबिका पटेल उपस्थित रहे।

## जगत सिंह धुर्वे करा रहे छात्रावास को बदनाम

# पुनः घाटकोहका बालक छात्रावास अधीक्षक बनने की मंशा

**सिवनी।** जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड कुरई अंतर्गत आने वाले ग्राम घाटकोहका स्थित शासकीय आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास को बदनाम करने के लिए पूर्व छात्रावास अधीक्षक जगत सिंह धुर्वे के द्वारा छात्रावास के रसोईयां एवं एक छात्र को बहला फुसलाकर अपने पक्ष में करके अनर्गल प्राचार-प्रसार किया जा रहा है, इतना ही नहीं अन्य छात्रों को डरा-धमकाकर उनसे शिकवा-शिकायत कराने का कार्य भी किया जा रहा है।

उल्लेखनीय होगा कि घाटकोहका सीनियर बालक छात्रावास में कोई अधीक्षक नहीं होने पर प्राथमिक शाला सर्राहिर्री में पदस्थ सहायक शिक्षक जगत सिंह धुर्वे को घाटकोहका छात्रावास का अधीक्षक का प्रभार दिया गया था। नियमानुसार सीनियर छात्रावास अधीक्षक के रूप में माध्यमिक शिक्षक या उच्चश्रेणी शिक्षक को पदस्थ किये जाना होता है लेकिन उनके आभाव में प्राथमिक शिक्षक या सहायक शिक्षक को इसका प्रभार दिया जा सकता है और इसके चलते जगह सिंह धुर्वे को घाटकोहका छात्रावास का अधीक्षक बनाया गया था। घाट कोहका छात्रावास का अधीक्षक रहते हुए जगत सिंह धुर्वे के द्वारा क्षेत्रीय लोगों के बीच में पहुंचकर सहरकारी नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर भारी-भरकम ठगी की गई। जिसकी शिकायत पीड़तीं द्वारा जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में करने के बाद जिला कलेक्टर द्वारा उक्त मामले की जांच करायी गई और जांच में शिकायत सही पाये जाने पर जगत सिंह धुर्वे को निलंबित कर दिया गया और उन्हे निलंबन अवधि के दौरान लखनादौन विकासखंड में स्थित कार्यालय में अटैच कर दिया गया। इसके बाद माध्यमिक शिक्षक दिनेश पटले को छात्रावास का अधीक्षक बनाया गया लेकिन वे परिवारिक स्वास्थ्य कारणों के चलते छात्रावास में उतना समय नहीं दे पाये जिनता देना था। जिसके चलते उनका स्थानांतरण कर दिया गया और माध्यमिक शिक्षक देवीप्रसाद विश्वकर्मा को छात्रावास घाटकोहका का अधीक्षक बनाया गया। महज लगभग 25 दिन पूर्व ही देवीप्रसाद द्वारा छात्रावास का कार्यभार संभाला गया है और लगातार देवीप्रसाद द्वारा छात्रावास की व्यवस्थाओं को लेकर सजगता दिखाते हुए कार्य किया जा रहा है। विगत दिनों भी छात्रावास अधीक्षक देवीप्रसाद द्वारा छात्रावास में खराब पड़े बल्व, शौचालय की साफ-सफाई, पंखे, खेल सामग्री आदि के लिए छात्रावास के खाते में राशि के संबंध में जांच की गई तो बैंक से लिये गये स्टेंटमेंट में पाया गया कि पूर्व छात्रावास अधीक्षक जगत सिंह धुर्वे के द्वारा अपने कार्यकाल और उसके बाद की भी राशि नियमविरूद्ध तरीके से आहरित कर ली गई और खाता में छात्रावास विकास एवं खेलकूद सामग्री खरीदी के लिए किसी तरह की राशि शेष नहीं होने पर छात्रावास अधीक्षक देवीप्रसाद विश्वकर्मा के द्वारा सहायक आयुक्त आदिवासी कल्याण विभाग सिवनी को पत्र प्रेषित किया गया है और खेल-कूद सामग्री, बल्व आदि की खरीदी एवं पंखा सुधार कार्य एवं शौचालय की साफ-सफाई एवं मरम्मत के लिए राशि उपलब्ध कराने और संचालन हेतु निर्देशित करने की मांग की गई है। लेकिन इसी बीच लगातार पूर्व अधीक्षक जगत सिंह धुर्वे के द्वारा घाटकोहका छात्रावास में पदस्थ रसोईयां सुखवती बाई एवं छात्र अभिषेक मसराम कक्षा 10 वीं के साथ मिलकर लगातार छात्रावास में अव्यवस्था फैलाने एवं छात्रावास को शिकवा-शिकायत कर बदनाम करने के प्रयास किये जा रहे है। इतना ही नहीं छात्र अभिषेक छात्रावास में मोबाइल लेकर निवास करता है और बिना छात्रावास अधीक्षक को बताये ही छात्रावास से रात्रि के दौरान अपने रिस्तेदारों के घर चला जाता है। इसके अलावा अपने जूनियर छात्रों को डरा-धमकाकर शिकवा-शिकायत करने के लिए मजबूर किया जाता है। वर्तमान समय में त्यौहारों का दौर चल रहा है और छात्रों के द्वारा छुट्टी लेकर अपने घर गये है वर्तमान में तीन छात्रा छात्रावास में निवास कर रहे है।

### शासकीय महाविद्यालय केवलारी में माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रतिमा निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ भारतीय ज्ञान परंपरा एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केंद्रित माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान प्रारंभ किया गया है । इस अवसर पर महाविद्यालय में माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रतिमा निर्माण के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने सहभागिता की विद्यार्थियों ने प्रतिमा का निर्माण किया इस प्रतियोगिता का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों के अंदर सोई हुई प्रतिभा को बाहर निकालना है और वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी भाव को संपोषित करने के लिए प्रेरित करना है। विद्यार्थियों को यह भी संदेश दिया गया कि माटी गणेश के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण के भाव को घर-घर पहुंचाया जाए और अधिक से अधिक सेल्फी के माध्यम से सोशल मीडिया पर अपलोड करने की सलाह दी गई। सभी विद्यार्थियों को मेरी सरकार पोर्टल पर डिजिटल शपथ लेकर ई प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने माटी गणेश सिद्धि गणेश प्रतिमा का निर्माण बड़े उत्साह पूर्वक किया । सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार कमल सिंह साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ आर के ठाकुर,डॉ. संजय मिश्रा, डॉ डी एल मानेश्वर, राजकुमार विश्वकर्मा, पंकज साकेत ,धनेश्वरी हरिनखेड़े, एवं श्वेता सोनी का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एन डहेरिया ने विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण और स्वदेशी कला अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## नशामुक्ति समिति की महिलाओं ने दुकानदार को पकड़ा

# चाय की दुकान में शराब बिक्री, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के गायखुरी क्षेत्र में एक चाय-नाश्ते की दुकान में अवैध शराब बिक्री का मामला सामने आया है। नवजीवन नशा मुक्ति समिति की महिलाओं ने दुकान संचालक मोनु और उसके साथी गंगा को शराब बेचते हुए पकड़ा।

नगर के वार्ड क्रमांक 33 में पिछले 8 महीने से महिलाएं नशामुक्ति अभियान चला रही हैं। ये महिलाएं शाम से देर रात तक वैनगंगा नदी किनारे गश्त करती हैं। साथ ही शराब पीने और बेचने वालों को रोकने का काम भी करती हैं।



मंगलवार सुबह महिलाओं ने दुकान के एक कर्मचारी को शराब लाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। उसके पास से लाल और सफेद रंग की सीलबंद शराब की बोतलें मिलीं। नशामुक्ति समिति की अध्यक्ष पूर्णिमा राउत ने बताया कि आरोपी हॉटल की आड़ में शराब बेच रहा था।

कोतवाली उपनिरीक्षक विजय पाटिल के अनुसार महिलाओं की शिकायत पर कार्रवाई की गई। दुकान संचालक और उसके साथी के पास से देशी शराब के 16 पाव बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गणेशोत्सव : घरों और पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित होंगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बुधवार को भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से दस दिवसीय गणेशोत्सव शुरू हो रहा है। घरों और पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। दस दिनों तक भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की जाएगी।

मूर्तिकार इस समय प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। बालाघाट के मूर्तिकार समीर विश्वास ने बताया कि 50-55 प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। इनकी ऊंचाई 5 से 14 फीट तक है। प्रतिमाओं की कीमत 5 हजार से 30 हजार रुपए तक है। घरों में स्थापना के लिए एक हजार रुपए से शुरू होती है।

मूर्तिकारों के अनुसार मिट्टी, रंग और सजावट की सामग्री महंगी हुई है। फिर भी मूर्तियों की कीमतों में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं की गई है।

बालाघाट के अलावा लिंगा और सिवनी के मूर्तिकार भी बाजार में प्रतिमाएं लेकर आए हैं। सिवनी के पिपरवानी से आए सुधीर सोनी ने 50 प्रतिमाएं लाई हैं। इनकी कीमत 1100 से 2100 रुपए के बीच है।

सराफा बाजार में एक दशक से 'बालाघाट का राजा' नाम से गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। नाम के अनुरूप ही भगवान गणेश की प्रतिमा का स्वरूप और उसकी पूरी तैयारी की जाती है। इस बार यह प्रतिमा 19 फीट ऊंची होगी, जो शहर की सबसे बड़ी प्रतिमा होगी।



## हरियाली तीज पर महिलाओं ने रखा व्रत

**कटंगी।** कटंगी सहित देश भर में आज हरतालिका तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है. महिलाएं अखंड सौभाग्य और सुख समृद्धि की कामना के लिए महादेव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर रही हैं. यह व्रत भगवान शिव और माँ पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है. पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर हरतालिका व्रत किया था. इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और 16 श्रृंगार कर माता पार्वती की विधि विधान से पूजा करती हैं।

# डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट एकैडमी बालाघाट द्वारा खेल सम्मान समारोह का आयोजन 29 को

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खेल दिवस के अवसर पर डिसट्रिक्ट स्पोर्ट्स एकडमी बालाघाट द्वारा, 29 अगस्त 2025 को मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन ,सांसद श्रीमती भारती पारधी बालाघाट ,सिवनी क्षेत्र, कलेक्टर मृणाल मीना , बालाघाट, आदित्य मिश्रा IPS पुलिस अधीक्षक बालाघाट,श्री अभिषेक चौधरी जिला खेल अधिकारी बालाघाट, किरन भाई त्रिवेदी अध्यक्ष नेहरु स्पोर्टिंग क्लब, बालाघाट,सुरेश बाघरेचा संरक्षक डिसर्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एकेडमी, राजेश पाठक उपाध्यक्ष म.प्र. कबड्डी संघ सहित खेल प्रेमी ,खिलाड़ियों की उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा है। जिला स्पोर्ट एकेडमी के अध्यक्ष तपेश असाटी जी बताया कि हॉकी के जादूगर ध्यानचंद जी की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला स्पोर्ट एकेडमी बालाघाट द्वारा खेल सम्मान समारोह 2025 का आयोजन हरी मंगलम लॉन गोंदिया रोड बालाघाट में प्रातः 9..30 बजे आयोजित हो रहा है जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षको का सम्मान किया जा रहा है। आयोजन में खिलाड़ियों से खेल प्रेमियों से शामिल होने की अपील अध्यक्ष तपेश असाटी,सचिव अभिषेक पाण्डे, कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, सहित डिस्टिकट स्पोर्ट्स एकेडमी बालाघाट के सदस्यों ने की है।



# किरनापुर पंवार मंगल भवन में पंवार समाज की ब्लाक स्तरीय बैठक संपन्न हुई



## समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन का प्रथम किरनापुर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला पंवार क्षत्रिय संगठन के जिला महासचिव डॉ राजेंद्र कटरे ने जानकारी देते हुए बताया की विगत दिवस किरनापुर पंवार मंगल भवन में किरनापुर पंवार समाज समिति द्वारा पंवार समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के प्रथम किरनापुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर किरनापुर क्षेत्रीय पंवार समाज समिति द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन भी किया गया, यह बैठक जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के मुख्य अतिथ्य एवं किरनापुर समाज समिति अध्यक्ष पवन कुमार बिसेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।कार्यक्रम की शुरुआत विधि विधान से आराध्य प्रभु श्री राम एवं सम्राट राजा भोज के पूजन अर्चन से हुई ।बैठक में विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई जिसमे जिला कार्यकारिणी में क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का समवेश एवं उनकी सामाजिक कुशलता पर चर्चा की गई, समाज कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर चर्चा हुई, पंवार मंगल भवन किरनापुर के उन्नयन एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डाला गया, जिला मुख्यालय में समाज के छात्रावास की आवश्यकता पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया,समाज की ग्राम समितियों की स्थापना करने की आवश्यकता पर चर्चा हुई साथ ही अनेक सामाजिक सरोकार के कार्यों की बात कही गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की सेवा करना उनकी प्राथमिकता होगी, समाज कार्यों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना और जिला मुख्यालय में अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा, उन्होंने बताया कि आगामी भविष्य में जिला मुख्यालय स्तर पर समाज के छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा साथ ही जिला अध्यक्ष ने जानकारी दी कि इस बार की जिला स्तरीय समिति में जिले के सभी ब्लॉकों के समाजकार्य में तत्परता से काम करने वालों को स्थान दिया जाएगा।कार्यक्रम में ब्लॉक किरनापुर अध्यक्ष पवन कुमार बिसेन जी ने संबोधन में कहा कि आज समाज के जिला अध्यक्ष हमारे बीच पहुचे हैं यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, उन्हीने बताया कि वर्षों पश्चात कोई जिला अध्यक्ष आज हमारे बीच पहुंचकर क्षेत्र की सामाजिक जानकरी एवं समस्याओं को लेकर चर्चा कर रहे हैं। उन्हीने बताया कि इस बार जिला स्तरीय कार्यकारिणी में हमारे ब्लॉक से भी पदाधिकारी शामिल होंगे जो हमारे लिए गर्व और हर्ष की बात है। कार्यक्रम में डीएल बिसेन,सहाराम रहाँगड़ाले, चरण कुमार बिसेन,राजेंद्र परिहार, डॉ रामलाल शरणागत,हेमंत चौहान, डॉ तोलूराम बिसेन,राजा ठाकुर,ओ मेन्द्र कुमार बिसेन, तेजलाल पटले,श्रीमती सुमन परिहार एवं अनेक पंवार समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक बंदू उपस्थित रहे।

# महिलाओ ने श्रद्धापूर्वक तीज-त्यौहार मनाया, पति की दीर्घायु कि कामना



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में 26 अगस्त मंगलवार को तीज-त्यौहार महिलाओ के द्वारा बड़ी आस्था अनुरूप मनाया गया । इस अवसर पर सुहागन महिलाओ के द्वारा भक्तिभाव से भगवान शिव शंकर एंव मां पार्वती की पूरी आस्था अनुरूप पूजा-पाठ कर आराधना की। तथा महिलाओ के द्वारा व्रत-उपवास रखा गया एंव अपने पति की दीर्घायु के लिए भगवान से प्रार्थना की एंव वैवाहिक जीवन में सुख समृद्धी के लिए भी भगवान से आराधना की गई। भारतीय संस्कृति में तीज-त्यौहार का विशेष महत्व है। हर वर्ष यह पर्व शुक्लपक्ष के तृतीया पर हरितालिका तीज-त्यौहार मनाया जाता है । यह तीज-त्यौहार महिलाओ के लिए विशेष महत्व रखता है ।इस अवसर पर महिलाए व्रत रख अपने पति के दीर्घायु की कामना करती है।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

## पंडालो में अग्निशामक यंत्र एवं सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से रखना होगा

**बालाघाट।** आगामी दिनों में आने वाले गणेश उत्सव, ईद-मिलाद-उन-नबी, दुर्गा उत्सव, दशहरा, विश्वकर्मा जयंती, रघुनाथ शाह बलिदान दिवस, महर्षि वाल्मिकी जयंती, दीपावली, भगवान बिरसा मुंडा जयंती, गुरूनानक जयंती व क्रिसमस त्यौहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने की दृष्टि से 26 अगस्त को कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री करहालिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, अन्य विभागों के अधिकारी एवं सभी धर्मो से जुड़ी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बैठक में कहा कि जिले में सभी धार्मिक आयोजन एवं त्यौहार कानून के दायरे में रहकर आपसी समन्वय एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाए जाए। आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारो के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएँ तथा जिला प्रशासन को सहयोग करे। जिला प्रशासन सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगा और किसी भी व्यक्ति को जिले की शांति भंग नही करने देगा।

पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने बैठक में कहा कि गणेश उत्सव एवं दुर्गा उत्सव के सभी पंडालों में अग्नि सुरक्षा टीम एवं सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगे होने चाहिए। मांसाहार करने वाले व्यक्ति इस बात का ध्यान रखे कि मांस के अपशिष्ट का सही निस्तारण करे और उसे यहां वहां न फैलने दे। इससे किसी अनहोनी घटना की आशंका रहती है। उन्होंने बैठक में चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएँ भड़काने वाली, अफवाह, गलत वीडियो या सूचना पोस्ट नही करेगा। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करते पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पंडाल बिजली के खुले तारों के नीचे न बनाए जाए और पंडाल में बिजली कनेक्शन आदि पूरी सुरक्षा के साथ होने चाहिए।

# उपभोक्ता संरक्षण समिति की प्रबंधकारिणी की मासिक बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




गत 24 अगस्त 2025 रविवार को उपभोक्ता संरक्षण समिति की प्रबंधकारिणी की मासिक बैठक श्री संतोष असाटी की अध्यक्षता में समिति कार्यालय (असाटी निवास) बालाघाट में अपरान्ह 3-00 बजे से आयोजित हुई ।गत दिवस सम्पन्न बैठक में समिति के बिरसा तहसील अध्यक्ष अशोक यैगारे के प्राप्त आवेदन पत्र को सर्वसम्मति से स्वीकृत करते हुये अशोक यैगारे को बिरसा तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया । इसी प्रकार शहर के विभिन्न मोहल्लों/कालोनियों में आवारा कुत्तों के कारण मानव जीवन के लिये उत्पन्न खतरों व परेशानियों का निराकरण किये जाने, शहर की विभिन्न गलियों/सडकों में पशुओं के झुंडों का विचरण एवं जमावडा होने के कारण आवागमन बाधित होने तथा वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति बनी रहने संबंधी समस्या के निराकरण किये जाने तथा शहर की गलियों/सडकों में तकनीकी मापदण्डों का पालन नहीं कर बनाये गये स्पीड ब्रेकरों को तकनीकी मापदण्ड के अनुसार बनाये जाने व पूर्व में लगाये गये क्षतिग्रस्त हो चुके प्लास्टिक के स्पीड ब्रेकरों व उनकी कीलों को हटाये जाने के संबंध में पूर्व में मुख्य नगरपालिका अधिकारी बालाघाट को 07 अगस्त 2025 को दिये गये ज्ञापन पत्र पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने के कारण सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन तीनों समस्याओं के संबंध में पुनः नगरपालिका बालाघाट को पत्र दिये जायें साथ ही इसकी प्रतिलिपि कलेक्टर महोदय बालाघाट को भी दी जाये । समिति की आगामी बैठक दिनांक 20 सितम्बर 2025 को अपरान्ह 4-00 बजे से श्री सुरेश रंगलानी के कार्यालय में आयोजित होगी।इस बैठक में उपभोक्ता संरक्षण समिति के संरक्षक श्री लोचनसिंह देशमुख, अध्यक्ष संतोष असाटी सहित सर्वश्री शिवशंकर तिवारी , सुरेश रंगलानी , डॉ0 गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव , सुभाष गुप्ता , राजेश कुमार गांधी , संतोष जैन (देवडिया) , संजीव जैन (चीनू) जी, एल0डी0मेश्राम जी, सुरेश टांक जी, प्रकाश मेश्राम जी,

# कालाबाजारी निर्धारित राशि से अधिक कीमत पर यूरिया बेच रहे दुकानदार, अधिकारी बने अनजान

हरिभूमि न्यूज लांजी ।

खरीफ फसल की बुआई और रोपनी पूरी हो चुकी है, फसल अच्छी होने के लिए किसान खेतों में घूमकर उसमें कमी को देखते हुए उसे दूर करने की उपाय में लगे हैं। किसानों को पहली कमी खाद की नजर आ रही है। ऐसे में सभी किसान खेतों में खाद का छिड़काव शुरू कर दिए हैं। हालांकि, जिस जिस रेट पर यूरिया मिलनी चाहिए, उससे अधिक मूल्य पर दुकानदार बिक्री कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार लांजी छेत्र में खाद के ऐसे कई विक्रेता हो गए है।

जबकि, दो सौ से अधिक खुदरा विक्रेता छेत्र में हैं। खुदरा विक्रेता थोक विक्रेता से खाद लेकर बाजार में बेचते हैं। यूरिया खाद का मूल्य 266.50 रुपए हैं। लेकिन, किसानों को इस मूल्य पर खाद नहीं मिल रहा है। किसानों का कहना है कि खाद प्रति बोरी 500 से 550 में बेची जा रही है। इस अनियमितता को रोकने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

**मांग से कम हो रही यूरिया की आपूर्ति:** कृषि विशेषज्ञों के अनुसार खरीफ सीजन में धान की फसल को दो से तीन बार यूरिया की आवश्यकता होती है। पूरे लांजी छेत्र में यूरिया का वितरण मांग के अनुपात में बेहद कम है। इस कारण कमोबेश पूरे छेत्र में यूरिया खाद की किल्लत की समस्या बनी हुई है।किसानों की मानें तो यदि वर्तमान समय में जल्द यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो खरीफ फसलों की उत्पादकता पर गंभीर असर पड़ेगा। किसानों ने जिला प्रशासन से लेकर तहसील प्रशासन से यूरिया की आपूर्ति बढ़ाने के साथ-साथ यूरिया की कालाबाजारी करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**यूरिया की कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई:** कमलचंद सिंहसार एस डी एम यूरिया की कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के संबंध में जब लांजी एसडीएम से पूछा गया तो लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने यूरिया की कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उनका कहना है कि ऐसे दुकानदार, जो किसानों को ऊंचे दामों पर खाद बेच रहे हैं या उसे बाजार से गायब कर रहे हैं, बख्शे नहीं जाएंगे और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने तथा लाइसेंस निरस्त करने जैसी कार्रवाई की जाएगी।



## 29 अगस्त को जिले में भारी वर्षा की संभावना

**बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव को प्राप्त 05 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 29 अगस्त को भारी वर्षा होने की संभावना बतायी गई है। इसके साथ ही 27 से 31 अगस्त की अवधि में हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ ही बिजली गिरने, आसमान में मध्यम बादल छाए रहने तथा आंधी तूफान की संभावना रहेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 29.1 से 31.6 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 22.7 से 23 डिग्री सेल्सियस तथा सुबह हवा में 80-83 प्रतिशत तथा दोपहर में 66-69 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा की गति लगभग 2 से 6 किलोमीटर प्रति घंटा दक्षिण पश्चिम से उत्तर पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है।

## बड़े पिता की शिकायत पर पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को किया गिरफ्तार

# ऑनलाईन गेम के चक्कर में घर में की चोरी, जेवर रखे गिरवी, 8 लाख गॅवाये

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** ऑनलाईन गेमिंग के फेर में ग्राम कायदी के 19 वर्षीय युवक द्वारा अपने ही घर के जेवर व नगदी चोरी कर लगभग 8 लाख रुपये की राशि गॅवा देने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया। इस संबंध में युवक के बड़े पिता द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड की मॉग की हैं।

पुलिस थाने से मिली जानकारी अनुसार जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के वार्ड नम्बर 3 में रहने वाले गजेन्द्र पिता धन्नालाल दमाहे 52 वर्ष द्वारा 25 अगस्त को पुलिस थाना वारासिवनी में लिखित शिकायत की गई कि उनके परिवार के युवक सिद्धांत पिता सुरेन्द्र दमाहे 19 वर्ष द्वारा घर के जेवर व नगदी रकम की चोरी कर ली गई हैं। जिसमें से जेवरों को गिरवी रखा गया हैं।

शिकायत के बाद पुलिस ने युवक सिद्धांत दमाहे को गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ की, तो पता चला कि उसके द्वारा चोरी किए गए जेवर व नगदी रकम को ऑनलाईन गेम में लगाया गया था, जिसमें वह पूरी रकम गॅवा बैठा हैं। यह भी जानकारी सामने आई कि युवक के पिताजी और उनके 4 भाई सहित 5 भाई थे। जिनमें से 2 भाईयों की मौत हो चुकी हैं और शेष 3 भाईयों के परिवार पास-पास ही रहते हैं। इस परिवार के कुछ सदस्यगण 7 अगस्त से पंजाब के व्यास में सत्संग में गए हुए थे। जो 25 अगस्त को वापस लौटे।

जब परिवार के सदस्य वापस लौटे, तो



उन्होंने अपनी आलमारियों में जेवर व नगदी रकम गायब पाई। जिस पर घर में ही पूछताछ प्रारंभ हुई, तो सिद्धांत ने जेवर व नगदी चोरी कर ऑनलाईन गेम में हार जाने की बात बताई। गिरवी रखे हुए जेवरों की रसीद भी सिद्धांत के कमरे से बरामद हुई हैं। इस घटनाक्रम से परिजन स्तब्ध हैं और कुछ समझ नहीं पा रहे हैं कि एक 19 वर्षीय युवक को ऑनलाईन गेम की लत कैसे और कब लग गई? फिलहाल पुलिस ने युवक सिद्धांत के खिलाफ अपराध क्रमांक 450/25 धारा 305(ए) दर्ज कर मामले को जॉच में ले लिया हैं।




